SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Civil Services (Main) Examination- 2025

SLPM-P-PSY

# मनोविज्ञान / PSYCHOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : 250* |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Civil Services (Main) Examination 2025

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) व्यवहारवादी, सोच और ज्ञान के विषयों से क्यों बचते थे ? विवेचना कीजिए।

Why did behaviourists avoid the topics of thought and knowledge ? Discuss. *10*

(b) भारतीय परिवेश में युवाओं के मनोवैज्ञानिक कुशल-क्षेम (वेल-बीइंग) को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों पर प्रकाश डालिए।

Highlight the major factors that influence the psychological well-being of youth in the Indian setting. *10*

(c) क्या सामाजिक संदर्भ में गुणारोपण प्रक्रियाएँ सफलता और विफलता के व्यवहार की व्याख्या करती हैं ? गुणारोपण के वेनर मॉडल के प्रकाश में इसका उत्तर दीजिए।

Do attribution processes explain success and failure behaviour in social context ? Answer this in the light of Weiner's model of attribution. *10*

(d) प्रासंगिक उदाहरण देते हुए भावनाओं की अभिव्यक्ति में फेशियल-अफेक्ट प्रोग्राम और प्रदर्शन नियमों की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the role of facial-affect programme and display rules in the expression of emotions by citing relevant examples. *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(e) 'आईक्यू मापनों (परीक्षणों) का फोकस बहुत संकीर्ण है।' स्टर्नबर्ग और गार्डनर के बुद्धि सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

'IQ tests are too narrow in focus.' Evaluate the statement from the perspectives of Sternberg and Gardner's theories of intelligence. *10*

**Q2.** (a) 'व्यक्तित्व पूरी तरह से हमारे जीनों में है।' विभिन्न व्यक्तित्व सिद्धान्तों के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

'Personality is all in our genes.' Evaluate the statement in the context of different personality theories. *20*

(b) जब मनोवैज्ञानिक अपने दृष्टिकोण को 'मानवतावादी' अंकित करते हैं, तो इस शब्द का आपके लिए क्या अर्थ है ? आधुनिक युग में इसकी क्या प्रासंगिकता है ?

When psychologists label their perspective 'humanistic', what does this term mean to you ? What is its relevance in the modern era ? *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(c) मनोवैज्ञानिक शोध करने में प्रायिकता प्रतिचयन किन तरहों से उपयुक्त है ? विभिन्न प्रायिकता प्रतिचयन की तकनीकों के साथ अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए।

In what ways is probability sampling appropriate in the conduct of psychological research ? Illustrate your answer with different techniques of probability sampling. *15*

**Q3.** (a) प्रासंगिक सिद्धांतों तथा अनुसंधान अध्ययनों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए लिंग पहचान तथा लिंग टाइपिंग पर जैविक, संज्ञानात्मक और अधिगम के प्रभावों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of biological, cognitive and learning influences on gender identity and gender typing by focusing on relevant theories and research studies. *20*

(b) क्या अर्ध-प्रायोगिक डिज़ाइन, प्रायोगिक डिज़ाइन से अधिक लाभदायक हैं ? विभिन्न पद्धतिगत विचारों के प्रकाश में विवेचना कीजिए।

Are quasi-experimental designs more advantageous than experimental designs ? Discuss in the light of various methodological considerations. *15*

(c) बुद्धि के मापन में बिने (Binet) और वेचस्लेर (Wechsler) के योगदान को स्पष्ट कीजिए। वेचस्लेर (Wechsler) का दृष्टिकोण तथा पद्धतियाँ किस प्रकार बिने (Binet) के दृष्टिकोण तथा पद्धतियों से अधिक प्रभावपूर्ण हैं ? उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

Bring out the contributions of Binet and Wechsler in the measurement of intelligence. In what ways are Wechsler's approach and procedures more effective than Binet's approach and procedures ? Discuss with examples. *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q4.** (a) बड़े पैमाने की सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत तथा इसके अनुप्रयोगों का वर्णन कीजिए।

Describe social cognitive theory and its applications to solve large scale societal problems. *20*

(b) 'ध्यान चेतना को परिवर्तित करता है।' प्रासंगिक अनुसंधान उदाहरणों के साथ ध्यान और चेतना को समझाते हुए इस पर चर्चा कीजिए।

'Meditation alters consciousness.' Discuss this by explaining meditation and consciousness along with relevant research examples. *15*

(c) भाषिक सापेक्षता की व्होर्फियन परिकल्पना क्या है ? प्रयोगसिद्ध साक्ष्यों से मूल्यांकन कीजिए।

What is the Whorfian hypothesis of linguistic relativity ? Evaluate with empirical evidences. *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) क्या मानव व्यवहार में 'कारण और प्रभाव' संबंध को समझने के लिए सहसंबंधी अध्ययन योगदान देते हैं ? विवेचना कीजिए।

Do correlational studies contribute in understanding 'cause and effect' relationship in human behaviour ? Discuss. *10*

(b) स्पष्ट कीजिए कि कैसे मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक कारक प्रत्यक्षीकरण को प्रभावित करते हैं।

Explain how psychological and cultural factors affect perception. *10*

(c) क्या स्मृतिलोप रोगी संवेगात्मक घटनाएँ पुनःस्मरण कर सकते हैं ? शोध साक्ष्य का उल्लेख करते हुए अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

Can amnesia patients recall emotional events ? Explain your answer citing research evidence. *10*

(d) विवेचना कीजिए कि 'मैं कौन हूँ ?', प्रश्न का उत्तर देने में व्यक्तित्व का कथात्मक दृष्टिकोण कैसे जुड़ता है।

Discuss how the narrative approach to personality hinges on answering the question, 'Who am I ?'. *10*

(e) क्या जेट-लैग एक वास्तविक परिघटना है ? सर्केडियन लय को ध्यान में रखते हुए इसकी व्याख्या कीजिए।

Is jet-lag a genuine phenomena ? Explain it in the light of Circadian rhythms. *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q6.** (a) मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में कारक विश्लेषण के उपयोग का आप कैसे औचित्य सिद्ध करेंगे ? उपयुक्त अवधारणाओं तथा उदाहरणों के साथ उत्तर दीजिए।

How would you justify the use of factor analysis in psychological research ? Answer with appropriate concepts and examples. *20*

(b) भाषा की संरचना का वर्णन कीजिए तथा वाक् बोध और अर्थ प्राप्ति में इसकी भूमिका स्पष्ट कीजिए।

State the structure of language and explain its role in speech perception and comprehension. *15*

(c) 3D दुनिया को देखने में हमें क्या सक्षम करता है जबकि हमारे रेटिना केवल 2D छवियाँ बनाते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

What enables us to see the world in 3D despite our retinas capturing only 2D images ? Explain. *15*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q7.** (a) 'प्रेरणा एक जटिल प्रक्रिया है और इसको केवल एक दृष्टिकोण से नहीं समझा सकते।' उत्तेजना, अंतर्नोद तथा प्रत्याशा सिद्धांतों की सहायता से कथन का मूल्यांकन प्रासंगिक उदाहरण देते हुए कीजिए।

'Motivation is a complex process and cannot be explained by a single approach.' Evaluate the statement with the help of arousal, drive and expectancy theories by citing relevant examples. *20*

(b) निगमनात्मक तथा आगमनात्मक तर्क में भेद कीजिए तथा तर्क की बाधाओं पर प्रकाश डालिए।

Distinguish between deductive and inductive reasoning and throw light on stumbling blocks of reasoning. *15*

(c) पुरस्कार तथा दंड कभी-कभी व्यवहार को प्रभावी रूप से बदलने में असमर्थ होते हैं। प्रासंगिक उदाहरणों सहित समझाइए।

Reward and punishment sometimes fail to effectively change behaviour. Explain with relevant examples. *15*

**Q8.** (a) व्यक्ति क्यों अभिवृत्ति तथा पूर्वाग्रह बनाते हैं ? भारत के वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में, उनमें परिवर्तन लाने में मनोसामाजिक कारकों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Why do human beings form attitudes and prejudices ? Discuss the role of psychosocial factors in bringing the change in them, in the present Indian socio-cultural context. *20*

(b) रोज़मर्रा के जीवन में उपलब्धता अन्वेषण प्रणाली के उपयोग के दो उदाहरण दीजिए — एक उदाहरण जब यह उचित होगा और दूसरा उदाहरण जब यह उचित नहीं होगा। समझाइए कि क्यों आपके उदाहरण उपलब्धता अन्वेषण प्रणाली के दृष्टांत हैं।

Give two examples of the use of the availability heuristic in everyday life — one example when it would be appropriate and another example when it might not be. Explain why your examples are illustrative of availability heuristic. *15*

(c) स्मृति प्रतिधारण के लिए कुछ प्रमुख रणनीतियों का वर्णन कीजिए तथा प्रत्येक को प्रासंगिक उदाहरणों सहित समझाइए।

Describe some major strategies for memory retention and explain each one with relevant examples. *15*

SPM IAS ACADEMY SHAPING BRILLIANCE

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE